## पेंशन संबंधी समस्याओं पर चर्चा की

**भरतपुर,** (निस)। राजस्थान पेंशनर समाज के शीर्ष नेतृत्व ने निदेशक पेंशनर्स की अनुपस्थिति में अतिरिक्त निदेशक पेंशन जयपुर नीति धीमन से मिलकर पेंशन संबंधी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण की मांग की। विशेष चर्चा भरतपुर जिले के पेश्ंानरों की पत्रावलियां जयपुर से भरतपुर हस्तांतरित करने के लिए भरतपुर जिले के जिलाध्यक्ष डोरीलाल शर्मा ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि 7 वर्ष से प्रयास किये जा रहे हैं परन्तु अभी पत्रावलियां पूरी नहीं भेजी गई हैं जिनकी वजह से फैमिली पेंशनरों की जन्म तिथि निर्धारण का कार्य नहीं हो पा रहा है। इस पर अतिरिक्त निदेशक नीति धीमन ने आश्वासन दिया कि अतिरिक्त स्टाफ लगाकर 2 महीने में सारी पत्रावलियां भरतपुर भेज दी जावेंगी। आरजीएचएस संबंधी समस्याओं के निराकरण बावत पीडीआरजीएचएस के ऑफिस गये लेकिन पीडीआरजीएचएस वित्त विभाग में विशेष मीटिंग होने के कारण मुलाकात नहीं हो सकी और उनके सहायक को आरजीएचएस में आ रही विभिन्न समस्याओं जैसे अधिकृत निजी हॉस्पीटलों द्वारा सम्पूर्ण इलाज नहीं किया जाना व अधिकृत दवा विक्रेताओं द्वारा सभी दवाईयां नहीं दिया जाना आदि एवं बडे पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के संबंध में पत्र प्रस्तुत किया।

# भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ ने मनाई सूर्य प्रकाश जयंती

**गंगापुर सिटी,** भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ ने आज सूर्य प्रकाश जयंती के शुभ अवसर पर राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य प्याऊ का उद्घाटन किया, जिसमें स्कूल की बच्चियों को और राहगीरों को ठंडा और शुद्ध जल मिल सकेगा। इस कार्य में भामाशाह ब्रह्मानंद गुप्ता

■ **कुशालगढ शाखा के सानिध्य में बालिका विद्यालय में शीतल पानी की प्याऊ शुरू हुई**

अंकित मेडिकल एजेंसी वालों ने चार लाख रुपए के करीब सहयोग दिया जिससे यह भव्य जल मंदिर बन सका। कार्यक्रम में सबसे पहले भारत माता और स्वामी विवेकानंद के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अशर्फी देवी धर्मपत्नी ओमप्रकाश गुप्ता लड्डू वाले रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष राजस्थान पूर्व ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवरतन अग्रवाल सभापति नगर परिषद, श्रीमती राजेंद्र मीणा प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,



**शीतल पानी की प्याऊ का उदघाटन करते अतिथी।**

विनोद जैन जिला संयोजक महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति सवाई माधोपुर, देवेंद्र सिंह राठौड जिला अध्यक्ष फुटबॉल संघ, प्रेम प्रकाश शर्मा अध्यक्ष श्री घुश्मेश्वर द्वारा ज्योतिर्लिंग शिवाय शिवालय ट्रस्ट शिवाड एवं अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष राजेश गोयल रहे। कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र कुमार मित्तल ने बताया कि यह जल मंदिर भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ के संरक्षण में बनी है एवं इसमें पानी एवं बिजली की व्यवस्था विद्यालय परिवार की ओर से की जाएगी। अध्यक्ष विष्णु जी अग्रसेन ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया, मंच संचालन लक्ष्मी नारायण गोयल, डाक्टर विजेंद्र गुप्ता एवं रेखा गुट्टा ने किया।

इस कार्यक्रम के दौरान ही क्रिएटिव स्कूल के डायरेक्टर दीपक राज ने भारत विकास परिषद की सदस्यता ग्रहण की और साथ ही दीपक नरूका के साथ मिलकर भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ के सानिध्य में एक और भव्य जल मंदिर बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं भामाशाह द्वारा जल मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम क्रिएटिव स्कूल के दीपक राज, दीपक सिंह नरूका, गीता देवी नरूका, वेद प्रकाश मंगल, हेमंत शर्मा कुहू स्कूल वाले, समाजसेवी घनश्याम रावत सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन प्रवेश आवेदन तिथी बढाई

**गंगापुर सिटी ।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की ओर से शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए राजस्थान के कॉलेजों में स्नातक पार्ट प्रथम के सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन प्रवेश के आवेदन की तिथि 3 जुलाई तक बढा दी है। राजकीय पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी के प्रिंसिपल डॉ. सुमित्रा मीणा और राजकीय कन्या कॉलेज वजीरपुर के नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि अब 3 जुलाई तक बढा दी गई है। आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 6 जुलाई, अंतिम वरीयता सूची और प्रतीक्षा सूची के प्रकाशन की तिथि 8 जुलाई और अभ्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज संख्यापन और ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 11 जुलाई है। प्रवेशित स्टूडेंट्स की प्रथम सूची के प्रकाशन की तिथि 12 जुलाई, प्रवेशित स्टूडेंट्स के वर्ग निर्धारण और विषय आवंटन की तिथि 13 जुलाई है। 15 जुलाई से कॉलेज में स्नातक पार्ट प्रथम के सेमेस्टर प्रथम का शिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। प्रिंसिपल सुमित्रा मीणा और वजीरपुर कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ. बैरवा ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, आधार, जन आधार, आयकर प्रमाण पत्र, अर्हकारी परीक्षा की अंक तालिका, बोर्ड प्रमाण पत्र, टीसी और सीसी, बोनस के लिए वैध प्रमाण पत्र जरूरी है।

## सार-समाचार

### जागरूकता शिविर 3 जुलाई से

**करौली,** (नि.स.)। राज्य सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गो जैसे दलितों एवं आदिवासिओं को आर्थिक गतिविधियों की मुख्य धारा में लाने के लिए डॉ. भीमराब अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गयी है महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया कि लक्षित वर्गो के युवाओं को हैण्ड हॉल्डिंग सपोर्ट देने के लिए उद्योग विभाग द्वारा जिले की प्रत्येक पंचायत समितियों में औद्योगिक प्रोत्साहन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जहॉ मौके पर ही आवेदन पत्र तैयार कर बैंको में भिजवाया जायेगा। योजनान्तर्गत इच्छुक आवेदक जो विनिर्माण, सेवा और व्यापार गतिविधियां प्रारंभ करना चाहते है तो वे दो फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिणक प्रमाण पत्र साथ लेकर आये।उन्होने बताया कि पंचायत समिति स्तर पर 03 जुलाई को मण्डरायल, 10 जुलाई को सपोटरा, 19 जुलाई को टोडाभीम, 23 जुलाई को मासलपुर, 26 जुलाई को करौली एवं 31 जुलाई को नादौती में प्रातः 11 बजे से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके प्रभारी अधिकारी पीयूष अग्रवाल जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी को बनाया गया है। अतः आगन्तुकों से आग्रह है कि निर्धारित दिनांक को शिविर में पहुचकर अधिकाधिक लाभ उठाएँ।

### चिकित्सा शिविर आयोजन

**गंगापुर सिटी।** भारत विकास परिषद के संस्थापक सचिव डॉक्टर सूरज प्रकाश की जयंती के मौके पर भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद गंगापुर सिटी की ओर से निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। रिया हॉस्पिटल के सहयोग से राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान में स्थित पार्क में लगे शिविर में 35० लोगों ने अपनी जांच कराई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन कर की गई। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद राजस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष संस्कार विजेंद्र कुमार और प्रांतीय समूह गान प्रभारी विश्वबंधु आर्य ने डॉक्टर सूर्य प्रकाश के जीवन चरित्र से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम में करीब 35० लोगों की शुगर और बीपी की निशुल्क जांच की गई। साथ ही सभी आने वाले लोगों और मरीजों को गर्म पानी में नींबू और शहद डालकर पिलाया गया। कार्यक्रम में रिया हॉस्पिटल की सहयोगी टीम को शाखा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट गान का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शाखा सचिव अरविंद रावत ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय प्रभारी राजेश गुप्ता, प्रांतीय संस्कृति सप्ताह प्रभारी प्रमोद बोहरा, प्रांतीय एनीमिया उन्मूलन प्रभारी विनोद खंडेलवाल, प्रांतीय बाल संस्कार प्रभारी स्वाती शर्मा, दीनदयाल गुप्ता, शाखा अध्यक्ष मयंक शर्मा, शाखा कोषाध्यक्ष सुनील बंसल, कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता, सह संयोजक पवन गुप्ता, शाखा के कार्यकारिणी सदस्य महेशचंद गुप्ता, वरुण जैमिनी, नरदेव गुप्ता, संजय बंसल, नंदकिशोर जंगम, राजेंद्र छीपा, सीमा आर्य, मंजू गुप्ता, सोना बंसल, शाहिद मौजूद रहे।

### आरोपी गिरफ्तार किया

**भरतपुर,** (निस)। सेवर पुलिस द्वारा घटना के चंद घण्टों में हत्या के मामले का खुलासा कर दिया। अवैध सम्बन्ध के संदेह के चलते पति ने ही अपनी पत्नी की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति सत्येन्द्र उर्फ सोनू को गिरफतार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा द्वारा जघन्य अपराधों के खुलासा करने व आरोपियों की गिफतारी करने के प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर लालचन्द कायल व वृत्ताधिकारी वृत ग्रामीण आकांक्षा के सुपरवीजन में थानाधिकारी अनिल जसोरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपनी ही पत्नि की हत्या करने के मामले में आरोपी सत्येन्द्र उर्फ सोनू पुत्र जयशिव शर्मा जाति ब्राह्मण उम्र 34 साल निवासी सहजादपुरा सलैमपुर कला थाना भुसावर भरतपुर हाल किरायेदार सैनिक कॉलोनी थाना सेवर को गिरफतार किया गया।

### ओम बिडला लोकसभा अध्यक्ष

**करौली,** (नि.स.)। जिला मुख्यालय करौली पर भाजपा के कोटा से निर्वाचित लोकप्रिय सांसद ओम बिडला को लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में पुनः चुने जाने पर भाजपा शहर मंडल करौली के द्वारा विधानसभा

# ऋण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**करौली ( नि.स. )।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा युवाओं, उद्यिमयों,बेरोजगारों, कमजोर वर्गो आदि को आर्थिक गतिविधियों संचालित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना और डॉ. भीमराब अम्बेडकर दलित एवं आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है।

महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए विभाग को लक्ष्यावंटित कर दिए गए हैं। इसलिए इस ऋण योजनाओं के लिए ऑनलाईन तथा ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। इच्छुक युवा,रोजगार, उद्यमी या कमजोर वर्ग का कोई व्यक्ति विनिर्माण गतिविधियां जैसै सैण्ड स्टोन,कटिंग स्टोन,सिलिका सैण्ड, सीएसी कटिंग,पीवीसी पाइप,फुड प्रोडेक्ट,कृषि प्रसंस्करण,रासायनिक पदार्थो का निर्माण, फर्नीचर कार्य आदि करने का इच्छूक है अथवा सेवा गतिविधियां जैसे हॉस्पीटल, लेबोरेट्री, लाईब्रेरी,डिजिटल स्टूडियों, फोटो स्टूडियों, वर्कशॉप, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीकल उपकरणों की मरम्मत, नलसाजी,सैलुन कार्य आदि करना चाहता है या फिर व्यापारिक गतिविधियां जैसे रेडीमेड गारमेन्ट्स शॉप,जनरल स्टोर,खाद-बीज विक्रेता, स्टेशनरी शॉप,फल-सब्जी विक्रेता आदि कार्य प्रस्तावित करता है तो वह इन योजनाओं में आवेदन कर सकता हैं। आवेदनों को उनकी श्रेणी, आयु तथा नवीनता के आधार पर विभाग द्वारा ब्याज अनुदान, पूँजी अनुदान उद्यम दोनों प्रदान किए जाएंगे। उन्होने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।

## पोक्सो प्रकरणो की समीक्षा बैठक 28 को

**करौली( नि.स. )।** जिला बाल संरक्षण ईकाई, एक युद्ध नशे के विरूद्ध की संयुक्त कार्य योजना, लैंगिग अपराधों से बालको का सरंक्षण अधिनियम के तहत दर्ज पोक्सो प्रकरणों की समीक्षा हेतु त्रैमासिक बैठक 28 जून को आयोजित होगी।

जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि जिला स्तर पर बाल संरक्षण के क्रम मे गठित जिला बाल संरक्षण ईकाई, एक युद्ध नशे के विरूद्ध की संयुक्त कार्य योजना, लैंगिग अपराधों से बालको का सरंक्षण अधिनियम के तहत दर्ज पोक्सो प्रकरणों की समीक्षा हेतु त्रैमासिक बैठक 28 जून को प्रातः 10.30 बजे से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता मे आयोजित की जायेगा।

# स्वदेशी जागरण मंच भरतपुर की बैठक का आयोजन

**भरतपुर,** (निस)। स्वदेशी जागरण मंच जिला भरतपुर की बैठक जिला संयोजक शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता में व भरतपुर एक दिवसीय प्रवास पर आये स्वदेशीजागरण मंच के प्रांत कोष प्रमुख राजेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में समिधा भवन जवाहर नगर पर आयोजित हुई। बैठक में जिला टोली विस्तार, भरतपुर जिला मुख्यालय पर कार्यालय खोलने व उस पर पूर्णकालिक कार्यकर्ता रखने, संगठन का तहसील स्तर तक विस्तार करने और मंच की जिला इकाई की बैठक प्रत्येक माह में दो बार करने का निर्णय ,आगमी योजना, जिला स्वावलंबी केंद्र की संकल्पना और उपयोगिता पर चर्चा कई गई। जिला टोली को संबोधित करते हुए राजेश शर्मा ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की स्वरोजगार की योजनाओं को गांव गांव में जाकर युवाओं को बताना है। बैठक में शर्मा ने कहा कि हम स्वदेशी के कार्यकर्ताओं को स्वावलंबी अभियान को प्रत्येक युवा तक पहुंच कर देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना है कार्यकर्ता विकसित भारत की संकल्पना में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। स्वदेशी के मूल भाव को जन जन तक पहुंचाना है और हमें भी अपने आचरण मे स्वदेशी को ढालना होगा। बैठक मे राजेश शर्मा ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सबसे बड़ी जरूरत युवा स्वरोजगार और उद्यिमता को अपनाए स्वयं का रोजगार करे और दूसरों के लिए रोजगार प्रदाता बने तब ही हम वेरोजगारी पर विजय प्राप्त कर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व की सबसे बडी अर्थव्यवस्था बना पाएंगे। जिला संयोजक शिवकुमार शर्मा ने कहा कि संगठन का विस्तार कर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ।

## जिलाध्यक्ष बने दिलीप तिवाडी

**गंगापुर सिटी ।** विप्र फाउंडेशन संगठन के राष्ट ीय अध्यक्ष सुशील ओझा के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश जॉन 1 डी के जोनल संगठन महामंत्री कैलाश तिवाडी के प्रस्ताव अनुसार जोनल अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय की अनुशंसा पर एवं जोनल प्रभारी भुवनेश्वर शर्मा के अनुमोदन पर राजस्थान जॉन 1डी इकाई जिला गंगापुर सिटी क्षेत्र में मुख्य कार्यकारिणी का जिलाध्यक्ष गंगापुर सिटी उदेई मोड निवासी दिलीप तिवाडी को बनाया गया है। तिवाडी के जिलाध्यक्ष बनने पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री डॉ.हेमंत शर्मा, विष्णु गुरुजी, गोविंद पाराशर, राजेंद्र सहरिया, गोपाल पार्थ एजेंसी, युवा जिला महामंत्री धनेश शर्मा, सावित्री शर्मा, शारदा शर्मा, महेंद्र कुम्भाल, शैलेंद्र शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, श्याम सेवा, जितेंद्र शर्मा, राजेश सहारा, कीर्ति शर्मा सहित अनेक ब्रह्मजनों ने उन्हे बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**करौली,** (नि.स.)। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नशे के खिलाफ साक्ष्य स्पष्ट है रोकथाम में निवेश करें थीम पर जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमो मे नषा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नशे के खिलाफ साक्ष्य स्पष्ट है रोकथाम में निवेश करें थीम पर नवीन चिकत्सालय भवन पर आयोजन किया गया जिसमें मादक पदार्थों के बढ़ते दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ जन सामान्य में जागरूकता कार्यक्रम में नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ प्रेमराज मीना ने बताया की युवाओं में विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृति तेजी से बढ़ रही है।युवा वर्ग अपने काम,पढ़ाई के स्थान पर नशीले पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी में शामिल हो रहा है जो की बेहद चिंतनीय है। नशे की लत से शारीरिक रोगों के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं,आर्थिक एवं सामाजिक हानि भी हो रही है। आज छोटी छोटी जगह,गांव, ढाणियों तक नशा आसानी से मिल रहा है। आमजन में जागरूकता नशा मुक्ति की प्रभावी पहल एवं नशे की उपलब्धता पर रोक से नशा मुक्ति के सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। नशा मुक्ति हेतु जिला अस्पताल में निशुल्क दवाइया उपलब्ध है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ लखन लाल मीना ने नशे से होने वाली शारीरिक हानियों पर प्रभाव डालते हुए उपस्थित लोगो को नशा मुक्ति शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ शैलेंद्र गुप्ता, डॉ जितेंद्र मीना, डॉ मनीष शर्मा, डॉ आदर्श जिंदल, सीआरए गौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे।इसी कड़ी में जिला कारागृह करौली में नशा मुक्ति शपथ का आयोजन किया गया जिसमे कारागृह में बंद कैदियों को नशे के हानिकारक प्रभावों एवं इससे जुड़ी विधिक कार्यवाही आदि की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में जेल उपाधीक्षक रामावतार शर्मा, मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना,जेल अस्पताल प्रभारी डॉ बनबारी मीना,गौरव शर्मा ने आवासरत कैदियों को नशा मुक्ति शपथ दिलवाई। वही नशा मुक्ति के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने एसपी कार्यालय में पुलिसकर्मी को स्वयं नशा नहीं करने और अन्य को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नंथा ही नाश की जड़ है इससे दूरी बनाकर रखें।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि जिले में बढ़ती नशे की लत के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

## पौधा रोपण किया

**करौली( नि.स. )।** भारत विकास परिषद शाखा करौली द्वारा परिषद् के संस्थापक डा सूरज प्रकाश की 104 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पर्यावरण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया।

परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द उद्यान में परिषद् के संस्थापक डा सूरज प्रकाश के व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण करते हुए स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा एव शहीद स्मारक के समीप चम्पा व अशोक के पौधे रोपित किए गए। परिषद के प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी एडवोकेट सीताराम शर्मा ने बताया कि परिषद के 62वें स्थापना दिवस 10 जुलाई तक सेवा पर्यावरण पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसके अन्तर्गत विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे तथा आधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराये

**भरतपुर ( निस )।** जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने कहा कि सभी अधिकारी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराते हुये जिले को सभी मापदण्डों में अग्रणी पंक्ति में लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्या निराकरण में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण कर आमजन को लाभान्वित करें। जिला प्रभारी मंत्री गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरतपुर जिला अब तक विकास की दृष्टि से पीछे रहा है सभी अधिकारियों को समन्वय से कार्य करते हुये प्रदेश में अग्रणी जिलों में शामिल करना है। उन्होंने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुये सभी विभागों को जनहित के कार्यों, आवश्यकताओं का आंकलन कर विकास के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, शिक्षा एवं पर्यटन के क्षेत्र में विकास कार्यों एवं जनहित के प्रकरणों में अधिकारी व्यक्तिशः रूचि लेकर कार्य करें जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्य पूरे हो सकें। विभागवार समीक्षा करते हुये जिला प्रभारी मंत्री ने पशुपालन विभाग को मोबाईल मेडिकल यूनिट को सक्रिय रखते हुये गॉव-गॉव में पशुपालकों को लाभान्वित करने, टीकारण करने एवं सभी वाहनों पर जीपीएस से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। श्रम विभाग को उन्होंने लम्बित आवेदनों का पंजीयन कर सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने, चिकित्सा विभाग को अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के साथ उपकरणों का रख-रखाव एवं चिकित्सा संस्थानों के निमार्ण कार्यों को गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आरबीएम अस्पताल में रैफर होकर आने वाले रोगियों को चिकित्सा सुविधाओं का समय पर लाभ पहुँचाया जाना सुनिश्चित करें।

# दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आगाज

**करौली,** (नि.स.)। कैलालादेवी रोड स्थित ग्राम पंचायत बरखेड़ा के गांव नकटीपुरा में सैनी हरि कीर्तन मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आगाज सभी गायन पार्टियों द्वारा श्री गणेश जी और मां भवानी की आराधना के साथ शुरू किया गया । इसके बाद सभी हरि कीर्तन पार्टियों द्वारा धार्मिक कथाओं एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य से ओत प्रोत सामाजिक ग्रंथियां को हरि कीर्तन के माध्यम से श्रोताओं को सुना कर मंत्र मुग्ध कर दिया। हरि कीर्तन की प्रस्तुति के दौरान गायन पार्टीयों के कलाकारों द्वारा मन को प्रफुल्लित करने वाली मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई जिससे श्रोता प्रफुल्लित हो उठे।

इस दौरान स्थानीय सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा की के मेडिया पप्पू,सोहनलाल ,रामेश्वर सैनी ने हनुमान का जन्म और अहिल्ला का छल के साथ में चंद्रमा व इंद्र भगवान को गौतम ऋषि का श्राफ देने की कथा से कीर्तन प्रस्तुत किया तू तो बन रही सतवंती बता रे, अलबेली दो दो यार तेरे मुकू रात हवेली में मिले कीर्तन सुना कर श्रोताओं का मन मोह लिया।मालियों की चौकी गंगापुर सिटी की सैनी हरि कीर्तन पार्टी के मेडिया सुरज्ञान सैनी ने नवल दे की शादी का वृतांत सुनाते हुए जाके जादू भरे हो, जगरिया में ,छोरी केश सुखा रही अटरिया में ...कीर्तन सुनकर श्रोता झूम उठे।उधर सैनी हरि कीर्तन मंडल धांधुपुरा के मेडिया भंवर माली ने करणवीर के जन्म की कथा से मेरे भगवान श्याम ड्राइवर बन गयो और देख हनुमान जी चढ़ गया।वही सैनी हरि कीर्तन मंडल औडच सपोटरा के मेडिया ने ऊंखा और अनुरुद्ध की शादी का वृतांत कीर्तन के रूप में ओ खिंचवाबे फोटो,रात सपने में देखा छोटू..सुनाकर उपस्थित श्रोताओं का मन प्रफुल्ल किया।इस अवसर पर बरखेड़ा सरपंच राम सिंह पहलवान,जयलाल ठेकेदार, मुंशी पटेल,जगन्नाथ सरपंच,रामबाबू फौजी सहित समिति के पटेल जमल माली, सुखराम गोठिया, रामचरण माली, कल्ली माली, खिलाड़ी, हजारी, रामलाल, दुर्गा माली , भगवंत माली श्रीफूल माली , शंभू दयाल शर्मा, बनवारी शर्मा, छगन मास्टर सहित सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा की सभी सदस्य मौजूद रहे ।

## ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली( नि.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं मे रिक्त पदों के लिये उपचुनाव माह जून मे घोषित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत सौरया के उपसरपंच के रिक्त पद पर निर्वाचन 1 जुलाई को सम्पन्न होगी। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं भयमुक्त सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यवाहक तहसीलदार रामावतार शर्मा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

**करौली ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को झूझंनू से आयोजित राज्य स्तरीय समारोह मे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को पेंशन की बढी हुई राशि के सीधे हस्तांतरण कार्यक्रम में एक क्लिक से पूरे प्रदेश के 88 लाख लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 37 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इसमें जिले के 1 लाख 86 हजार 334 लाभार्थियों को 22 करोड़ 4 लाख 6 हजार 650 रूपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन समारोह में लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 15 प्रतिशत राशि बढ़ाने का फैसला लिया था। पहले यह राशि एक हजार रूपये थी अब बढ़कर 1150 कर दी गई है।

करौली सूचना केन्द्र के टाउन हॉल मे गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम मे जिले के लगभग 400 से अधिक लाभार्थी सीधे जुड़े रहे। जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लाभार्थी कार्यक्रम से जुड़े। जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक मदद मिलेगी।



**करौली के सूचना केन्द्र मे संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एव लाभार्थी।**

उन्होने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शपथ लेते ही आमजन व जनहित के महत्वपूर्ण निर्णय लिये है इनमे पेपरलीक को रोकने के लिये एसआईटी का गठन, पेट्रोल डीजल के दामो मे कमी,गैस के दामो मे कमी,एमएसपी मे बढोतरी, किसान सम्मान निधि की राशि मे बढोतरी, ईआरसीपी की घोषणा कर जिले मे पेयजल एवं सिंचाई की व्यवस्था करने, मजदूर, किसान, दिव्यांग, बुर्जुग सहित अन्य को संबंल प्रदान करने के लिये सराहनीय कार्य किये जिससे प्रदेश मे जिले का स्थान विभिन्न क्षेत्रों मे प्रथम नम्बर पर आ सके।कार्यक्रम मे करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि सरकार ने आमजन के हित को ध्यान मे रखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढोतरी की है एवं इससे दिव्यांग सहित पात्र लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। सपोटरा विधायक हंसराज मीना ने बताया कि आमजन को जागरूक रहकर पात्रता अनुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित राज्य व केन्द्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में आये ग्राम चंदीला

■ **मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 88 लाख लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 37 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम सेहस्तांतरित की**

पोस्ट लहचौडा हिण्डौन निवासी दिव्यांग प्रहलाद बेनीवाल से मुख्यमंत्री ने संवाद किया इस पर लाभार्थी ने पेंशन की राशि एक हजार रूपये से बढ़ाकर 1150 रूपये करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। लाभार्थी ने कहा कि मुझे इसके अलावा पालनहार सहित अन्य योजनाओ का लाभ भी मिल रहा है। लाभार्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से दिव्यांग, महिलाओं, बुर्जुगों सहित अन्य पात्र लाभार्थियों को सहारा मिला है।

कार्यक्रम मे आये महिला लाभार्थियों सहित अन्य ने भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बढ़ाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना,अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीना, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, जनप्रतिनिधीगण सहित आमजन, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीताराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुई पंचायत

**भरतपुर ( निस )।** मेवात क्षेत्र के नवयुवकों द्वारा किए जा रहे गैर कानूनी अपराधों की रोकथाम एवं नवयुवकों को इस कार्य को छोडकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने को लेकर कामां पचायत समिति क्षेत्र के सहसन गॉव में मेव सहित सभी समाजो की एक बैठक समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें तय किया गया कि सभी लोग मिलकर मेवात को अपराध मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे जिससे क्षेत्र का नाम बदनामी से रूक सकें। बैठक में गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन ठगी, गौकशी और नशे के गैर कानूनी कार्य की बजह से मेवात क्षेत्र पूरे देश में बदनाम हो चुका है इसके अलावा इस कार्य में लगे नवयुवकों का भी भविष्य खराब हो रहा है। ऐसी स्थिति में हम सबको चाहिए कि इन गैर कानूनी कार्यो से जुडे नवयुवकों को समझाइश कर समाज की मुख्य धारा में शामिल करें जो नवयुवक गैर कानूनी कार्य छोडकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होंगे उन्हें वैकल्पिक रोजगार देने का प्रयास किया जावेगा। मेवात हरियाणा व दिल्ली के नजदीक होने के कारण इस क्षेत्र में मछली पालन, मुर्गी पालन, पशुपालन एवं अन्य रोजगारपरक कार्यो की विस्तृत सम्भावनायें हैं। अभी भी इन रोजगार कार्यो से क्षेत्र के सैंकडों की संख्या में नवयुवक जुडकर अपनी रोटी रोजी चला रहे है। गुप्ता ने कहा कि मेवात क्षेत्र में लुपिन के सहयोग से भूमि सुधार, मछली पालन, मुर्गी पालन, तुलसी माला निर्माण सहित अन्य रोजगार के कार्य कराये गये। संस्था इन सभी कार्यो को पुनः शुरू कर अधिकाधिक नवयुवकों को शामिल करेगी लेकिन उन्हें गैर कानूनी कार्य छोडने होंगे। उन्होंने बताया कि सरकार से मिलकर जुरहरा के औद्योगिक क्षेत्र को भिवाडी की तर्ज पर विकसित कराने का प्रयास किया जावेगा जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि गैर कानूनी कार्य छोडने वाले युवकों को पुलिस प्रशासन राहत भी प्रदान करेगा और जरूरत होगी तो इस कार्य में संस्था भी सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं के सम्बन्ध में कहा कि अपराधों में लिप्त नहीं पाये जाने वाले लोगों को परेशान नहीं करने के सम्बन्ध में पुलिस के उच्चाधिकारियों से वार्ता की जायेगी और राजकीय महाविद्यालय खुलवाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा जावेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कामां के पूर्व प्रधान सिद्धिक खान ने कहा कि गैर कानूनी कार्य में मेवात क्षेत्र को बदनाम किया जा रहा है जबकि इस कार्य में हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के युवक अधिक सक्रिय हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गैर कानूनी कार्य में जुडे नवयुवकों को समझाइश कर समाज की मुख्य धारा से जोडा जावेगा यदि फिर भी पुलिस द्वारा उन्हें परेशान किया गया तो समृद्ध भारत अभियान संस्था की मदद ली जावेगी।